53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 28.2°c | अधिकतम 35.2°c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929600 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:21, सूर्यास्त - 7:23 | वर्ष : 53/ अंक : 177 | शनिवार, 28 जून 2025 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

कोई कुछ भी बोले स्वयं को शांत रखो, क्योंकि धूप कितनी भी तेज हो समुद्र को नहीं सुखा सकती।

केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं पिछली सरकारें, एक जिला एक माफिया देने का काम किया था : योगी



छोटा गुण्डा अकड़ के चलता था.... कैसे भूलेंगे लोग वो किस्से.....

# सरकार के अधिकारियों से तंग व्यापारियों ने बाजार किया बंद

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** ये तो बताने की जरूरत ही नहीं है कि इस शासन में हरेक विभाग व्यापारियों का किस-किस तरह से उत्पीड़न कर रहा है। कभी कोई तर्क देकर, कभी कोई तर्क देकर आए दिन दुकानों पर छापेमारी के दौर जारी हैं, मगर अब व्यापारियों का उत्पीड़न उनकी बर्दाश्त से बाहर हो चुका है और व्यापारी मुखर होकर सिर्फ हिन्दुत्व के नाम पर वोट बंटोरने वाली सरकार के अधिकारियों के खिलाफ सड़कों पर उतर गए हैं। आज व्यापारियों ने कई वर्षों पुरानी दमदारी दिखाई और बिना किसी नेता का सहारा लिए पूरा बीज बाजार बंद कर दिया। बाजार बंद होने के बाद जैसे ही मीडिया टीम कोर्ट रोड पहुंची, तो उन्होंने अपनी दुखद दास्तान बताई। व्यापारियों का कहना है कि आज तक यह तो सुना था कि कम्प्यूटर पर बिल बनाएं, मगर अब सरकार की ओर से कृषि विभाग ने नया फरमान जारी किया है। विभाग के अनुसार व्यापारी को रजिस्टर मेनटेन करना होगा, बिना इजाजत के एक दिन के लिए भी दुकान बंद रखेंगे तो इसका ब्यौरा भी विभाग को देना होगा। ऐसे में पूरे उत्तर प्रदेश में बीज व्यापारियों द्वारा दो दिवसीय पूर्ण रूपेण बंद रखा गया है। व्यापारियों की पीड़ा यहीं खत्म नहीं हो जाती, उनका कहना है कि कौन सा विभाग ऐसा है जो व्यापारियों का खून चूसने का काम नहीं कर रहा। पहले जीएसटी का पूरा-पूरा ब्यौरा दो, फिर खाद्य विभाग के लिए रजिस्टर रखो, और इन्हें यहां तक बताओ कि हम कौन से दिन दुकान बंद रखेंगे और कौन से दिन खोलेंगे। व्यापारियों का कहना है कि ऐसा लग रहा है कि जैसे हम अंग्रेजों के गुलाम हो गए हैं और अब हमें इतना



भी बताना होगा कि हम अपनी दुकान के मालिक होते हुए कब दुकान खोलें और कब नहीं। ऐसे कड़े कानून तो अंग्रेज ही बताया करते थे। व्यापारियों ने दबी जुबां में इसके अलावा भी बहुत सी परेशानियां बताई, जिसकी चर्चा यहां नहीं की जा सकती। उनका बताना है कि हरेक व्यापारी यही कोशिश कर रहा है कि हम सौ के सौ प्रतिशत नम्बर एक का कम करें। मगर सरकार चाहती है कि अगर हम दस रुपये भी खर्च करें तो वो भी सरकार से इजाजत लेकर करें, जो कि सम्भव नहीं है। व्यापारियों का यहां तक कहना है कि कृषि विभाग द्वारा यह भी आदेश जारी किया गया है कि सिर्फ कम्प्यूटर में बिल बना देने से काम नहीं चलेगा, मैनुअल बिल भी व्यापारियों को बनाने होंगे। ऐसे में व्यापारियों का कहना है कि इससे अच्छा तो यह करते हैं कि सरकार को ही अपनी दुकान चलाने के लिए दे देते हैं और हम लोग घर बैठ जाते हैं। ऐसी नाराजगी प्रत्येक व्यापारी के मन में पनप रही है, फिर चाहे वह किसी भी व्यापार को करने वाला व्यापारी क्यूं न हो। हरेक वर्ग का व्यापारी अब सरकार के कभी जीएसटी, कभी खाद्य, कभी कृषि, कभी प्रदूषण, कभी लेबर अलग- अलग प्रकार से अलग-अलग विभाग व्यापारी को प्रताड़ित करते दिखाई दे रहे हैं। व्यापारियों का यह भी कहना है कि अस्सी फीसदी व्यापारियों ने इसी सरकार को वोट दिया है मगर इस सरकार को इतना भारी भरकम राजस्व देने के बाद भी ऐसा मानसिक व आर्थिक उत्पीड़न होगा, यह दूर-दूर तक भी सोचा नहीं था। व्यापारियों ने अब नेताओं से भी आस्था खत्म कर दी है। व्यापारियों के मुताबिक सभी पार्टियों के नेता एक जैसे हैं, कोई जनहित में सोचने को तैयार नहीं है। स्वयं का हित कैसे हो सकता है, नेता अब इस उद्देश्य के साथ राजनीति करते हैं।

## अब कीटनाशी खरीद-बिक्री की जानकारी कार्यालय में करानी होगी जमा : जिला कृषि अधिकारी

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया ने बताया कि शासन स्तर से कीटनाशी विक्रेताओं के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के तहत किसानों को गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में कीटनाशी अधिनियम 1968 व नियमावली 1971 का पालन करना होगा। वहीं विक्रेताओं को किसानों को कैश मेमो या क्रेडिट मेमो देना भी अनिवार्य है। इस बिल में कीटनाशी का नाम, बैच नंबर, निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि और कीमत लिखना जरूरी है। इसके साथ ही दुकानदारों को वितरण पंजिका, भंडार पंजिका और रेट बोर्ड अपडेट रखने होंगे। उन्होंने बताया कि दुकान पर कीटनाशी लाइसेंस कॉपी और ग्रो सेफ फूड का पोस्टर लगाना होगा। विक्रेता मात्र उन कंपनियों के कीटनाशक बेच सकेंगे, जिनका अधिकार पत्र उनके लाइसेंस पर दर्ज है। दुकान के बाहर दुकान का नाम, लाइसेंस नंबर, मालिक का नाम और मोबाइल नंबर लिखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि शासन की नई नीति में विक्रेताओं को बिना सूचना के दुकान बंद नहीं करना होगी। उन्हें हर माह 20 तारीख तक कीटनाशी खरीद-बिक्री की जानकारी कार्यालय में जमा करनी होगी। बिना शैक्षिक योग्यता या व्यापार तकनीकी सहायक के दुकान नहीं चला सकेंगे।





# आए दिन इंसानों की बलि ले रहा बिलासपुर कट, फिर दुर्घटना, फिर एक बुजुर्ग की मौत











**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर का बिलासपुर कट अब इंसानों की बलि लेने के लिए मशहूर हो चला है। पिछले एक पखवाडे में अलग-अलग हादसों में इसी कट पर पांच लोगों की जान जा चुकी है, मगर अच्छी बात यह है कि हाथोंहाथ जिलाधिकारी ने निर्णय लेकर आज बिलासपुर कट को बंद करा दिया। आपको बता दें कि शुक्रवार को नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कट पर दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। दिखने में भी यह भिड़ंत कोई बहुत बड़ी नहीं थी, मगर इसी भिड़ंत में मौके पर ही एक बुजुर्ग की मौत हो गयी। 60 वर्षीय मैनुदीन जोकि सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव धंधेड़ा के रहने वाले थे, अपनी पत्नी रुखसाना के साथ उपचार कराने के लिए अलमासपुर के एक प्राइवेट डाक्टर के यहां आ रहे थे। मैनुद्दीन जब अपनी पत्नी को डॉक्टर के यहां दिखाकर वापस अपने गांव धंधेड़ा के लिए वापस लौट रहा था तो जैसे ही वह नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर कट पर पहुंचे तो हरिद्वार की ओर से तेज रफ्तार बाइक से आ रहे तीन कांवड़ियों की बाइक उनकी बाइक से टकरा गयी। हादसे में मैनुद्दीन सड़क पर गिर गया और उसका सिर सड़क में लग जाने से फट गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। हादसे में रुखसाना व कावंड़िया आयुष निवासी चित्तौड़ा मुरादनगर गाजियाबाद भी घायल हो गए, जबकि दो साथी मौके से फरार हो गए। बुजुर्ग की मौत के बाद गुस्साए क्षेत्रवासियों ने हाइवे जाम कर दिया। इस बात की सूचना जैसे ही नई मण्डी कोतवाली व थाना सिविल लाइन को लगी तो दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और बुजुर्ग के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया। आपको बता दें कि तीन दिन पहले भी इसी बिलासपुर कट पर डस्ट से भरा डम्फर पलट गया था, जिसके नीचे दबने से दो दोस्तों की मौत हो गयी थी। तथा 10 लोग घायल हो गए थे। इससे पहले भी पिछले एक पखवाड़े में इसी कट पर पांच लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में लोग इसे बिलासपुर कट की जगह इंसानों की बलि लेने वाला कट कहने लगे हैं। हादसे के बाद नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति बन गयी थी, जिसे पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू करा दिया गया था। शुक्रवार को फिर से बिलासपुर कट पर हादसा होने से बुजुर्ग की जान चली गयी थी, जबकि उसकी पत्नी घायल हो गयी।

## बिलासपुर कट कराया गया बंद

**मुजफ्फरनगर।** डीएम उमेश मिश्रा के आदेश पर परिवहन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी व ट्रैफिक अधिकारियों ने बिलासपुर कट पर पहुंचकर मौके का स्थलीय निरीक्षण किया और लगातार हादसों का सबब बन रहे उक्त बिलासपुर कट को बंद करा दिया गया। स्थानीय लोगों ने बिलासपुर कट पर ओवरब्रिज का निर्माण कराये जाने की मांग की। फिलहाल अधिकारियों ने पत्थर के डिवाइडर को लगाकर कट को बंद करा दिया है। अब शहर से बिलासपुर जाने वाले लोग भोपा बाइपास से होकर गांव में हाइवे से होते हुए जाएंगे। वहीं गांव से शहर आने वाले लोग हाइवे से होते हुए जानसठ बाइपास से होकर आएंगे।



## कभी नावला कट भी लेता था इसी तरह इंसानों की बलि

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के हाइवे का एक और बलि लेने वाला कट भी सुर्खियों में रहा करता था। हालांकि हाइवे बन जाने के बाद से अब उक्त कट पर इंसानों की बलि का क्रम कुछ कम हो चुका है। मगर उसके बाद अब मुजफ्फरनगर हाइवे का बिलासपुर कट सबसे खतरनाक कट माना जाने लगा है। आते-जाते लोग अब इस कट पर दाएं-बाएं देखकर ही अपना कदम आगे बढ़ाते हैं। बावजूद उसके एकाएक डम्फर पलट जाने की घटना यह साबित कर रही है कि उक्त कट को किसी न किसी की नजर अथवा कोई रूहानी साया न घेर बैठा हो। हालांकि यह सब बातें अब आम आदमी मानने को तैयार नहीं होगा मगर जब हादसे होते हैं तो इन बातों पर चर्चा होना जरूर होता है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से स्कूटी सवार महिला की मौत, युवक गम्भीर

**खतौली, 27 जून (बु.)।** हाइवे स्थित भंगेला पुलिस चौकी क्षेत्र में अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से मारी गयी टक्कर से स्कूटी सवार एक महिला की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के कारण हाइवे पर यातायात प्रभावित रहा। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर हाइवे स्थित गांव भंगेला पुलिस चौकी क्षेत्र में खतौली से मेरठ की ओर जा रही एक स्कूटी को पीछे से एक अज्ञात तेज गति के वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार रेशमा पत्नी राशिद निवासी कस्बा सकौती, जनपद मेरठ व शान मौहम्मद पुत्र रियाजुदीन निवासी कस्बा खतौली जनपद मुजफ्फरनगर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं दुर्घटना में उनकी स्कूटी भी पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गयी। हाइवे पर हुई भीषण वाहन दुर्घटना से अन्य वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया तथा मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा एम्बुलेंस द्वारा घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां गंभीर रूप से घायल रेशमा (35) वर्ष की मौत हो गयी, जबकि घायल स्कूटी सवार शान मौहम्मद (18) की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जाता है कि स्कूटी सवार शान मौहम्मद व रेशमा खतौली से सकौती जा रहे थे तभी हाइवे पर पीछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मृतका रेशमा जामिया इमाम शाह वली उल्लाह के उस्ताद मौलाना रियाज नदवी की बहन थी।



## एनसीईआरटी की नकली किताबें छापकर सप्लाई करने वाले आरोपियों की जमानत खारिज

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** एनसीईआरटी की नकली किताबें छापकर सप्लाई करने वाले आरोपियों की जमानत को सेशन कोर्ट ने खारिज कर दिया है। मन्सूरपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने 1.50 करोड़ की नकली किताबों के साथ गिरोह को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने गांव भैसी में नकली किताबों का गोदाम भी पकड़ा था। डीजीसी राजीव शर्मा ने बताया कि एक जून को मन्सूरपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच ने मन्सूरपुर क्षेत्र से नकली किताबें छापने वाले गिरोह के सदस्य अनिल चौहान निवासी डिफेन्स कॉलोनी मेरठ, राहुल राणा निवासी माधवपुर मेरठ, ताराचंद निवासी मोहकमपुर मेरठ, अमित सैनी निवासी ब्रहमपुरी मेरठ, राजू शर्मा निवासी मोहकमपुर मेरठ, सतेन्द्र सिंघल निवासी प्रीत विहार मेरठ, जावेद गोला कुआं मेरठ व आदिल मेवाती निवासी लिसाड़ी गेट मेरठ को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गांव भैंसी में एनसीईआरटी की नकली किताबों का गोदाम पकड़ा था। गोदाम से 1.33 लाख किताबें बरामद हुई थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए थी। आरोपियों ने पानीपत के समालखा में किताबों को प्रिंट कराने के लिए प्रिंटिंग प्रेस लगा रखी थी। उक्त प्रकरण में सभी आरोपियों की तरफ से सेशन न्यायधीश संतोष राय की कोर्ट में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट ने आरोपियों के मामले में सुनवाई करते हुए उनकी जमानत को खारिज कर दिया है।

## मां-बेटे पर धारदार हथियारों से हमला

**खतौली, 27 जून (बु.)।** जन सेवा केन्द्र पर आधार कार्ड बनवाने गए मां बेटे को धारदार हथियारों से युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव चांदसमंद निवासी आदित्य अपनी माता कमला पत्नी सेवाराम के साथ गांव में स्थित जनसेवा केन्द्र सेंटर पर आधार कार्ड बनवाने गया था। आरोप है कि इस दौरान गांव के ही आयुष, सागर, प्रिंस ने अपने साथियों के साथ अचानक मां बेटे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया तथा दोनों को घायल कर दिया। घायल परिजनों का कहना है कि उन्होंने कुछ दिन पहले इन नामजद युवकों की शिकायत उनके परिजनों से भी की थी। शिकायत किये जाने की रंजिश को लेकर उनके द्वारा अपने साथियों के साथ हमला किया गया है। पुलिस द्वारा घायलों को सीएचसी भर्ती कराया गया है तथा घायलों की तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# मजदूर ने सात वर्षीया बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

▶▶ कामांध युवक ने 5 वर्षीय बच्चे संग किया अप्राकृतिक कुकर्म ▶▶ चाट विक्रेता ने 12 वर्षीय बच्चे से की अश्लील हरकतें

**बुढ़ाना, 27 जून (बु.)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में आज शुक्रवार के दिन तीन अलग-अलग स्थानों पर एक बच्ची और दो बच्चों के साथ शर्मनाक हरकतें हुई, जिसको लेकर बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के लोग शर्मसार से नजर आए। बुढ़ाना पुलिस ने इन तीनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है।

**पहली घटना-** बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के गांव खानपुर में हुई, जिसमें कश्यप समाज के एक कामान्ध युवक ने मौका पाकर एक 05 वर्ष के बच्चे को बहला-फुसला लिया और उसको खेत पर लेकर चला गया, जहां पर उसने मासूम बच्चे को डरा-धमकाकर उसके साथ अप्राकृतिक कुकर्म किया और उसको लहूलुहान और रोती हुई अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। बच्चे ने जैसे-तैसे घर पर आकर घटना का जिक्र अपने परिजनों से किया, तो परिजनों के पैरों तले की जमीन खिसक गयी। वे बच्चे को लेकर आरोपी के घर पर पहुंचे, तो आरोपी और उसके परिजनों ने बच्चे के परिजनों को गाली-गलौच कर भगा दिया। उधर घटना की सूचना बच्चे के परिजनों ने बुढ़ाना पुलिस को दी, तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्चे को गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराकर आरोपी युवक के घर में दबिश दी, लेकिन आरोपी युवक नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

**दूसरी घटना-** बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा चौकी क्षेत्र के बड़ौत रोड पर स्थित मिर्नवा के पास की बताई गयी है, जिसमें फुगाना निवासी लगभग 37 वर्षीय राजू पुत्र आनंद कुमार जो कि रोजाना अपने गांव से बुढ़ाना कस्बे में आकर मजदूरी करता है। आज उसने उक्त क्षेत्र में लगभग 07 साल की बच्ची के साथ मौका पाकर अकेले में ले जाकर अश्लील हरकतें की और रेप की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया। खून से लथपथ बच्ची रोती हुई अपने घर पर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित परिवार ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की तो बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर तत्काल आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**तीसरी घटना-** बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के पुराने बस स्टैंड की बताई गयी है, जिसमें एक चाट विक्रेता ने समोसा लेने आए एक 12 वर्षीय किशोर के साथ मौका पाकर अश्लील हरकतें करते हुए अप्राकृतिक कुकर्म का भी प्रयास किया, लेकिन किशोर के शोर मचाने पर आरोपी चाट विक्रेता अपनी दुकान से भाग खड़ा हुआ। उधर किशोर ने इस घटना की सूचना कस्बा बुढ़ाना पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों को दी, तो मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चाट विक्रेता को हिरासत में लेते हुए आरोपी चाट विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी। कुल मिलाकर एक ही दिन में इन तीन घटनाओं के होने से कस्बा और क्षेत्र शर्मसार नजर आया।

# जगन्नाथ रथयात्रा में हाथी हुआ बेकाबू

**अहमदाबाद, 27 जून (एजेंसी)।** अहमदाबाद में जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए। शुक्रवार सुबह रथ यात्रा निकल रही थी। खाड़िया क्षेत्र के पास जैसे ही रथ पहुंचा, सबसे आगे चल रहा नर हाथी अचानक उत्तेजित हो गया। तेज आवाज में बज रहे डीजे और सीटी की आवाजों से वह घबरा गया। वह तेजी से दौड़ते हुए पास की पोल गली की ओर 100 मीटर भागा, रास्ते में बैरिकेड्स तोड़ दिए और



कई लोगों को गिरा दिया। हालांकि, किसी को गंभीर चोट नहीं आई। वन विभाग के अधिकारी आर.के. साहू ने बताया कि हाथी को काबू करने के लिए दो मादा हाथियों की मदद ली गई। मादा हाथियों की उपस्थिति से नर हाथी शांत हुआ और उसे खाड़िया के पास एक सुरक्षित स्थान पर बांध दिया गया। फिलहाल वह शांत और निगरानी में है। अधिकारी ने बताया कि हाथी को हाथी ही काबू कर सकता है, इसीलिए मादा हाथियों को बुलाया गया। रथ यात्रा में सजाए गए हाथी हमेशा एक खास आकर्षण का केंद्र रहे हैं। इस साल रथ यात्रा में शामिल सभी हाथियों की शारीरिक और मानसिक सेहत की पूरी जिम्मेदारी अहमदाबाद जिले के पशुपालन विभाग द्वारा निभाई गई। अहमदाबाद जिले के उप पशुपालन निदेशक सुकेतु उपाध्याय ने बताया कि 23 जून से हाथियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जा रही थी।

# दबंगों ने किया ढाबा कर्मचारियों से की मारपीट व तोड़फोड़

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** गुरूवार की देर रात नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे-58 पर रथेड़ी-नसीरपुर चौराहे के पास सुखदेव ढाबे पर कुछ दबंगों ने हमला बोल दिया था। इतना ही नहीं ढाबे पर रात्रि विश्राम के लिए एक यात्री बस आकर रुकी तो उसमें भी दबंगों ने चढ़ने का प्रयास किया था। जब उनका विरोध किया गया तो आरोपियों ने ढाबे में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुर्सियों व टेबिल को तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। आपको बता दें कि गुरूवार की देर रात हाइवे पर सुखदेव ढाबे पर एक यात्री बस विश्राम के लिए ठहरी हुई थी। इस दौरान कुछ



अज्ञात दबंग युवक ढाबे पर पहुंचे और बस में जबरन चढ़ने का प्रयास करने लगे। जब ढाबा कर्मचारियों और यात्रियों ने इनका विरोध किया, तो दबंगों ने गाली-गलौच की और हमला बोल दिया। हमले में दबंगों ने ढाबे पर हमला करते हुए टेबिल, टेबिल तथा अन्य सामान की तोड़फोड़ की और ढाबे पर मौजूद कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई। ढाबा संचालक पुष्पराज ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने ढाबा संचालक की तहरीर पर अज्ञात दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

# बच्चे की मौत पर जिला अस्पताल में हंगामा, लापरवाही से इंजेक्शन लगाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में 3 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद वार्ड में परिजनों ने जमकर हंगामा किया, हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया और मामले में कार्रवाई के लिए लिखित में शिकायत देने की बात कही लेकिन परिजनों ने डॉक्टर्स व अन्य स्टॉफ पर किसी भी कार्रवाई के लिए मना कर दिया और शव बिना पोस्टमार्टम कराए बिना ही ले गए। मृतक बच्चे का नाम उमर पुत्र मेहताब 3 वर्षीय निवासी ग्राम बेहड़ी नगर कोतवाली बताया गया है। हालांकि परिजनों द्वारा लिए गए फैसले से जिला अस्पताल के डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टॉफ ने राहत की सास ली है।



## दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

**गोरखपुर 27 जून (वार्ता)** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आगामी 30 जून को दो दिसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचेगी, जहां वह एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में 30 जून को और एक जुलाई को पंचकर्म केंद्र के औपचारिक लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में सबसे पहले एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में 30 जून को शिरकत करेंगी, यहां वह मेधावियों को मेडल प्रदान करेंगी। उसके बाद एक जुलाई को भटहट के पिपरी में बने प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करेंगी जबकि दिन के दूसरे पहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुलाधिपतित्व वाले महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में ऑडिटोरियम, अकादमिक भवन, पंचकर्म केंद्र का लोकार्पण एवं गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## शंघाई सहयोग संगठन में राजनाथ सिंह

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षामंत्री से मुलाकात नहीं की। भारत इस समय विश्व पटल पर बड़े सशक्त ढंग से अपनी बात रख रहा है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों का इस समय देश के लिए पूरा उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमन्त्री देश के लिए उपयोगी विपक्षी नेताओं का भी देश के लिए उपयोग कर रहे हैं। इस समय चीन, पाकिस्तान, अमेरिका और भारत के चन्द विपक्षी नेताओं को भारत के बढ़ते दबदबे से बड़ी परेशानी है। हालत यहाँ तक है कि ये सब जले-भुने जा रहे हैं और भारत प्रगति के पथ पर बढ़ता जा रहा है। ब्रिक्स एक प्रमुख मल्टीफोरम मंच है, जिसमें दुनिया की पांच बड़ी उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं वाले देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इसकी शुरूआत 2009 में हुई थी और इसका मकसद वैश्विक शासन, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, तकनीकी सहयोग जैसे मुद्दों पर साझा रुख अपनाना रहा है। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में 6-7 जुलाई को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, लेकिन चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो सकते हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की 'शिड्यूल' से परेशानी हैं और इसलिए वो इसमें शामिल नहीं हो सकते हैं। चीनी राष्ट्रपति की जगह देश के प्रधानमन्त्री ली कियांग अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ इसमें शामिल होंगे, लेकिन परदे के पीछे से आ रही खबरों में कहा गया है कि शी जिनपिंग, भारतीय प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के लिए रखी गई 'डिनर पार्टी' से नाराज हैं। यानी वे प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को मिल रहे सम्मान से जल-भुन गए हैं। चीन में भारत की सुदृढ़ता तब और प्रगट हुई, जब भारत के रक्षा मन्त्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन के जॉइंट स्टेटमेंट पर साइन करने से इन्कार कर दिया। शंघाई सहयोग संगठन का जॉइंट स्टेटमेंट चालाकी से तैयार किया गया था, यह पाकिस्तान को बचा रहा था, इसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था। भारत ने इससे नाराजगी जाहिर की। राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इससे इन्कार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं। शंघाई सहयोग संगठन को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। रक्षामन्त्री राजनाथ ने कहा, मेरा मानना है कि सबसे बड़ी चुनौतियां शांति, सुरक्षा और विश्वास की कमी से संबंधित हैं। इन समस्याओं की असल वजह कट्टरपंथ, उग्रवाद और आतंकवाद में बढ़ोत्तरी है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है और हमें अपनी सामूहिक सुरक्षा और संरक्षा के लिए इन बुराइयों के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना चाहिए। आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति आज हमारे एक्शन में भी नजर आती है। इसमें आतंकवाद के विरुद्ध स्वयं की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया है कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं और हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। भारत का मानना है कि संवाद के बिना देशों के बीच संघर्ष को नहीं रोका जा सकता। इसके लिए सभी को साथ आना होगा। कोई भी देश, चाहे वह कितना भी बड़ा और शक्तिशाली क्यों न हो, अकेले काम नहीं कर सकता। साथ मिलकर काम करने की हमारी पुरानी परंपरा रही है। यह हमारी सदियों पुरानी संस्कृत कहावत 'सर्वे जन सुखिनो भवन्तु' को भी दर्शाता है, जिसका अर्थ है सभी के लिए शांति और समृद्धि। बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी मौजूद थे। राजनाथ सिंह ने उनके सामने ही आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तानी नेता को खूब खरी-खोटी सुनाई। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि निर्दोषों का खून बहाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ देश आतंकवाद का समर्थन करते हैं और सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति का हिस्सा बना चुके हैं। राजनाथ सिंह ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि 22 अप्रैल 2025 को द रेजिस्टेंस फ्रंट नाम के आतंकी संगठन ने निर्दोष पर्यटकों को मार डाला, जिनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल था। उन्होंने कहा कि इस संगठन का संबंध लश्कर-ए-तैयबा से है, जो पहले से ही संयुक्त राष्ट्र की आतंकी सूची में है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा के दौरान उनके चीनी और रूसी रक्षा मंत्रियों के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठक होने की भी संभावना जताई जा रही है। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि मई 2020 में भारत-चीन सीमा विवाद के बाद यह किसी वरिष्ठ भारतीय मन्त्री की पहली चीन यात्रा है। राजनाथ सिंह के किंगदाओ पहुंचने पर भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून ने व्यक्तिगत रूप से राजनाथ सिंह का स्वागत किया और बैठक से पहले सभी देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ ग्रुप फोटो भी ली गई। चीन पहुंचने से पहले राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि वे वैश्विक शांति और सुरक्षा को लेकर भारत के दृष्टिकोण को साझा करने और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर कदम उठाने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस, शशि थरूर को लेकर बेचैन है, कुछ लोग कह रहे हैं कि प्रधानमन्त्री ने कांग्रेस के कुछ नेताओं मानसिक रूप से परेशान करने के लिए उनका उपयोग किया है। शशि थरूर ने रूस यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की और रूस का समर्थन मांगा। इधर कांग्रेस ने मोदी की तारीफ वाले थरूर के लेख पर नाराजगी जताई, जिसके बाद थरूर ने सोशल मीडिया पर अपनी आजादी का संदेश दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने व्यंग्य करते हुए कहा कि उन्हें थरूर की अंग्रेजी समझ नहीं आती, इसलिए उन्होंने मोदी की तारीफ वाला लेख नहीं पढ़ा। अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी, शशि थरूर पर कटाक्ष किए, यह सब कांग्रेस नेताओं की बेचैनी प्रगट करता है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'अक़्ल' 'पत्थर' 'दल' 'शान'

अक़्ल पर पत्थर पड़े हैं, सबके सब हैं एक से,
एक दल जल भुन गया है देखकर भारत की शान।
उसके नेता आएं-बाएं-शाएं बकने में लगे,
एक दल जल भुन गया है देखकर भारत की शान।

# चिपचिपी गर्मी से लोगों का हुआ दिनभर बुरा हाल

- अब 28 से 30 जून के बीच बारिश होने के मिले संकेत
- जिला अस्पताल के साथ निजी चिकित्सकों के यहां बढ़े मरीज
- उल्टी-दस्त, बुखार के साथ बढ़ी डिहाइड्रेशन की समस्या



**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** समूचे उत्तर भारत के साथ उत्तर प्रदेश में मानसून ने आखिरकार रफ्तार पकड़ ली है।ऐसे में प्रदेश के पश्चिमी और तराई इलाकों में बीते दो दिनों से बारिश के बीच शुक्रवार को जहां मुजफ्फरनगर में दिनभर भीषण गर्मी व उमस के बीच लोगों का बुरा हाल रहा, वहीं हवाओं ने लोगों को घर से बाहर निकलने पर कुछ राहत भी दी। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए दर्जनों जिलों में भारी बारिश की चेतावनी और 55 जिलों में गरज-चमक एवं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। उधर, जनपद में चिलचिलाती धूप और चिपचिपी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। इस बीच गर्मी के साथ-साथ उमस से लोगों का बुरा हाल रहा, जिसका सीधा असर उनके स्वास्थ्य पर पड़ता दिखाई दे रहा है। इस बीच जिला अस्पताल के साथ तमाम निजी चिकित्सकों के यहां मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार 28 से 30 जून के बीच पूर्वी और पश्चिमी दोनों संभागों में अच्छी बारिश होने की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आने व गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। शुक्रवार में अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जनपद में दूसरे दिन भी भीषण गर्मी, कड़ी धूप व उमस के चलते लोगों का घर से बाहर निकलने पर बुरा हाल रहा। हालांकि बीते दिवस के मुकाबले शुक्रवार को हवाओं के चलने से थोड़ी राहत दिखाई दी, लेकिन धूप में निकल पाना पूरी तरह से मुश्किल साबित हुआ। गर्मी और उमस के बीच में उल्टी-दस्त व डिहाईड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। कहना गलत न होगा इस बीच में हालात इतने खराब हो रहे हैं कि जिला चिकित्सालय में मरीजों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जिनमें ज्यादातर लोग गर्मी से संबंधित बीमारियों से पीड़ित है। सुबह होते ही सूरज की तपिश इतनी बढ़ जाती है कि दोपहर में घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। चिपचिपी गर्मी के बीच लगातार पसीना बहने से लोगों को बेचैनी और थकान महसूस होने के साथ हार्ट स्ट्रोक व दिल से जुड़ी बीमारियों की आशंका बनी रही। इसके साथ निजी अस्पतालों के साथ जिला चिकित्सालय में गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ पेट दर्द, उल्टी दस्त, बुखार व लू के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। ओपीडी में मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण डॉक्टरों को अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है, वहीं कई मरीज डिहाइड्रेशन के कारण निजी अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में में ऐसे हालातों के बीच 1300 से 1400 मरीजों की ओपीडी प्रतिदिन की जा रही है, जिनमें से 300-350 मरीज प्रतिदिन नए देखे जा रहे हैं। यही नहीं प्रतिदिन 25 से 30 गंभीर मरीजों को भर्ती कर उनका उपचार करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. योगेन्द्र त्रिखा का कहना है कि ऐसे मौसम में पानी की कमी की सबसे बड़ी समस्या है। शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी से कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं देखने को मिल रही है, वहीं बच्चों और बुजुर्गों पर इस गर्मी का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है, क्योंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। उन्होंने गर्मी से बचने के लिए खूब पानी पीने के अलावा नींबू पानी, ओआरएस घोल, लस्सी व फलों का जूस पीने की सलाह दी। इसके साथ हल्के रंग व सूती कपड़े पहनने की सलाह दी, ताकि गर्मी से राहत मिल सकें।

## पीड़ितों ने डीएम दरबार में लगाई न्याय की गुहार

### - चकबंदी लेखपाल व चकबंदी कर्ता पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग



**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** भाकियू अराजनैतिक के नेतृत्व में गांव खामपुर के किसानों ने डीएम दरबार में पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने डीएम के नाम सौंपे शिकायती पत्र में चकबंदीकर्ता और लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए दोषियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचे सदर तहसील के गांव खामपुर निवासी किसान तसद्दुक हुसैन व अब्दुल वहीद ने डीएम के नाम सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम कोलाहेड़ी में चकबंदी चल रही थी, इस बीच न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी की अपील में 31 जनवरी 2024 को आदेश पारित किया गया था। उक्त बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी के आदेश के विरुद्ध न्यायालय डीडीसी मुजफ्फरनगर के यहां निगरानी में सईदुज्जमा बनाम शहाना प्रवीन दायर ने की, जो 29 जून 2004 को डीजीसी द्वारा खारिज कर दी गई। बन्दोबस्त अधिकारी के आदेश के अनुपालन में लेखपाल नवनीत कुमार व चकबंदीकर्ता मेनपाल सिंह द्वारा पैमाईश करके परिवर्तन करा दिया गया था। 26 जून को लेखपाल सन्नी कुमार व चकबंदी कर्ता राजकुमार के द्वारा ग्राम कोलाहेड़ी के चक 566 व चक 271 में खड़ी हुई ईख की फसल को गांव के शिवकुमार, कुशल पाल व अर्जुन सिंह आदि ने जबरन जोत दिया है, जिससे पीड़ितों की बोई हुई फसल को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ितों ने इस मामले में डीएम द्वारा जांच कराते हुए दोषी लेखपाल व चकबंदी कर्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ दोषियों पर कार्रवाई कराने की मांग की।

## आधी रात घर में घुसे युवक ने की युवती से छेड़छाड़

**भोपा, 27 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को अकेली देख घर में घुसे युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की और शोर-शराबा सुनकर आए ग्रामीणों को देख मौके से फरार हो गया, जिसके बाद अगली शाम युवती के पास पहुंचे युवक ने मोबाइल ढूंढने का बहाना बनाना शुरू कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके पड़ोस का एक युवक उस पर बुरी नियत रखता है। पीड़िता ने बताया कि बीते गुरुवार को वह घर में अकेली थी, जिस पर आधी रात मौका देखकर आरोपी उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा, जब उसने आरोपी का विरोध किया और शोर मचाया तो मौहल्ले के लोग आ गए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। युवती ने घटना की जानकारी गांव के लोगों को दी। शुक्रवार शाम आरोपी उसके पास आया और हास्यास्पद बहाना बनाते हुए कहने लगा कि मैं तुम्हारे पास अपना मोबाइल फोन लेने गया था, जब युवती ने कहा कि वह पहने हुए कपड़ों में हाथ डालकर मोबाइल ढूंढ रहा था क्या, इस पर आरोपी ने उसके साथ थप्पड़ मुक्कों से मारपीट करनी शुरू कर दी, जब पीड़िता का भाई उसे बचाने आया, तो आरोपी ने उसे भी मारा-पीटा और पुलिस कार्यवाही करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। थाने पहुंची पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।



## कांवड़ यात्रा में प्रतिष्ठान पर नाम लिखाने की उठी मांग

### - हिन्दू युवा वाहिनी ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** शुक्रवार को हिन्दू युवा वाहिनी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री प्रह्लाद पाहुजा के नेतृत्व में आधा दर्जन हिन्दू कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच जिला प्रशासन को डीएम के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट में पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपे गए उक्त ज्ञापन में प्रशासन का ध्यान कांवड़ यात्रा मार्ग पर संचालित होटलों व रेस्टोरेंटों की ओर दिलाते हुए कार्यकर्ताओं ने हिन्दू देवी-देववताओं के नाम पर कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व इन तमाम होटल, ढाबे व रेहड़ी वालों की जांच कराने के साथ ही सभी प्रतिष्ठान व होटलों पर अपना स्पष्ट नाम लिखे जाने की मांग की। उन्होंने चेताया कि ऐसा ना करने पर हिन्दू युवा वाहिनी जल्द ही उन सभी होटल व ढाबों पर, जहां हिन्दू देवी देवताओं के नाम व हिन्दू नाम लिख रखे है, उन सभी को हिन्दू युवा वाहिनी हटाने का काम करेगी। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि राज मार्किट की एक वीडियो वायरल हुई है, जिसमें एक कारीगर रोटी में थूक लगाकर बना रहा था। ऐसे लोगों पर सख्त नजर रखी जाये, ताकि कांवड़ यात्रा मेले के दौरान कोई भी अराजकता न फैल सके।

## 5 दिनों से चल रहा धरना नई एसडीएम ने समाप्त कराया

### - किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ता बैठे थे धरने पर



**बुढ़ाना, 27 जून (बु.)।** तहसील बुढ़ाना परिसर में लगातार पांच दिन से चल रहे धरने को बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने अपने प्रयास से समाप्त करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना तहसील परिसर में किसान मजदूर संगठन का धरना लगातार पांच दिन से चल रहा था। एक दर्जन से भी अधिक मांगों को लेकर यह धरना दिया जा रहा था। आज चार्ज संभालने पहुंची नई एसडीएम मोनालिसा जौहरी धरनारत ग्रामीणों के बीच में पहुंची और धरने पर मौजूद संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नु मलिक से बातचीत की, जिस पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने काफी देर तक हुई वार्ता के चलते सभी को आश्वस्त करते कहा कि उनकी समस्याओं के निराकरण पर काम किया जाएगा, जिसके चलते किसानों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी की बात मानते हुए धरना समाप्त करने की घोषणा की और एसडीएम का आभार जताया। इस दौरान धरने पर किसान मजदूर संगठन के बुढ़ाना तहसील अध्यक्ष कृष्ण कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, सतेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, जिला अध्यक्ष लोकेश राणा, जिला सचिव ईश्वर सिंह, पूर्व चौबीसी अध्यक्ष घासीराम, संजय सिंह और सुरेंद्र राणा आदि कार्यकर्ता थे। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह और एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जोहरी ने धरना समाप्ति की घोषणा की।

## बीडीओ ने मृत गाय की सुध ली, ग्रामीणों ने जताया आभार

**बुढ़ाना, 27 जून (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र की सफीपुर पट्टी मंदवाडा रोड पर कई दिनों से भूखी प्यासी एक आवारा गाय ने बीते बृहस्पतिवार को दम तोड़ दिया था। गाय मृत अवस्था में वहीं पर पड़ी थी। आज शुक्रवार के दिन आवारा कुत्तों ने गाय को मृत जानकर उसको खाना शुरू दिया और आते जाते लोगों को बदबू आने लगी, तो उन्होंने इस बात की सूचना भारतीय किसान यूनियन के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद को दी। उन्होंने तुरंत इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मानवता का परिचय देते हुए इसकी सूचना बुढ़ाना खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार को देनी चाही, तो वे एक मीटिंग में व्यस्त रहे, तब इसरार अहमद ने इसकी सूचना बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी को दी, तो उन्होंने उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए मौके पर बीडीओ और ग्राम सचिव को पहुंचने के निर्देश दिए। तब बीडीओ सतीश कुमार ग्राम सचिव और कुछ कर्मचारियों के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और एक गहरा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय के शव को उसमें दबा दिया, जिसको लेकर भाकियू नेता इसरार अहमद ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी का आभार जताया।

## मोहर्रम जुलूस के मार्गों का किया निरीक्षण, शरारती तत्वों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**भोपा, 27 जून (बु.)।** आगामी मोहर्रम माह में थाना क्षेत्र में निकलने वाले ताजियों एवं जुलूस व मजलिस आदि को लेकर क्षेत्राधिकारी भोपा एवं थाना प्रभारी निरीक्षक ने चौकी प्रभारियों को साथ लेकर मार्गों का निरीक्षण किया और मोहर्रम के जुलूस में सावधानियां बरतने की हिदायत दी। भोपा थाना क्षेत्र के जौली एवं मोरना में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी भोपा डॉ. रविशंकर पांडे और थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने मोहर्रम पर निकलने वाले ताजियों के मार्गो का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की और बताया कि ताजिया जुलूस के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि ताजिया की ऊंचाई केवल 8 फुट निर्धारित है। ताजिया के जुलूस में डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों से वार्ता करते हुए क्षेत्राधिकारी रवि शंकर पांडे ने लोगों से अपील की कि मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। अधिकारियों के अनुसार ताजिया जुलूस निकालने के मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद रहेगी। माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले किसी भी शरारती तत्व के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान अधिकारियों ने ताजिया जुलूस निकालने वाले मार्गों पर विद्युत तारों, छज्जों आदि का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान जोली चौकी प्रभारी राजदीप सिंह और मोरना चौकी प्रभारी ललित राजपूत मौजूद रहे।

आवश्यकता है

Audit Assistant for Audit- 5 (CA Inter) HR-1 (Graduate)

अपना बायो-डाटा ईमेल- sanjivkailash@gmail.com या Whatsapp No. 7088560088 पर भेजें

आवश्यकता है

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (Male/Female) -10

शैक्षणिक योग्यता- 12th (Intermediate )

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी आवेदन कर सकती हैं

संपर्क करें- Future Finvest Co. Pvt. Ltd. Tirupati Complex, Roorkee Road, Muzaffarnagar (U.P.)

Mob. 7088001700, 7055160088

## स्वस्थ व खुशहाल परिवार के लिए परिवार नियोजन जरूरी: सीएमओ

### - चार पुरुषों की नसबंदी करते हुए जगाई जागरूकता की अलख - सीएमओ ने नगरीय सीएससी सरवट का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने शुक्रवार को जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार पुरुषों की नसबंदी करते हुए लोगों को इसके प्रति आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वास्तव में स्वस्थ व खुशहाल परिवार बनाने के लिए सभी को परिवार नियोजन को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, जिसके लिए स्थाई और अस्थाई विधियां दोनों सुविधाएं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के परिवार पूरे हो गए हों, ऐसे परिवारों को परिवार नियोजन की स्थाई विधि का चयन करना चाहिए जिसके अंतर्गत महिला नसबंदी या पुरुष नसबंदी कराई जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी को कराए जाने पर सरकार द्वारा नसबंदी करने वाले को प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रुपए प्रदान किए जाते हैं, वहीं महिला नसबंदी कराने पर उक्त महिला को 2000 रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं का लाभ लेने के लिए आम नागरिक अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अपने क्षेत्र की आशा से संपर्क कर सकते हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने इसके साथ ही नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरवट का भी औचक निरीक्षण किया, जहां पर उनके द्वारा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमन कुमार को स्वास्थ्य केंद्र में साफ सफाई के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपस्थिति पंजिका, दवाइयों के रखरखाव आदि परखने के साथ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

## ट्रक, स्कूटर की टक्कर में तीन लोगों की मौत

कोलकाता, 27 जून (वार्ता)। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के कल्याणी मोटर मार्ग पर शुक्रवार सुबह ट्रक और स्कूटर की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार माल से लदे ट्रक ने स्कूटर सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग गिर कर बेहोश हो गये। इस बीच ट्रक चालक मौका पाते ही घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों को दुर्घटना के बारे में पता चलते ही वे पीड़ितों को बचाने के लिए दौड़े, तब तक बेहोश तीनों लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक महिला भी थी और अभी तक किसी की भी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।





## आयुर्वेद जीवन का विज्ञान, योग विज्ञान का अभ्यास: योगाचार्य भार्गव

### - गांधी कॉलोनी की गांधी वाटिका में शुरू हुआ तीन दिवसीय योग शिविर



72वर्ष की आयु में मयूरासन करते वरिष्ठ योगाचार्य रमेश साईं जी

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बुस.)।** शहर के गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका वैंकेट हॉल में शुक्रवार से तीन दिवसीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श शिविर का शुभारंभ हो गया। अंतराष्ट्रीय योगाचार्य गोपाल कृष्ण भार्गव ने साधकों को योग कराने के साथ आयुर्वेद और योग को एक दूसरे का पूरक बताया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद जीवन का विज्ञान है और योग विज्ञान का अभ्यास है। ऋषि इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड आयुर्वेदा ट्रस्ट न्यूजीलैंड और श्रीपरशुराम योग साधना एंड चिकित्सा संस्था ट्रस्ट इंडिया के सान्निध्य में तीन दिन तक चलने वाले योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श शिविर के पहले दिन योगाचार्य गोपाल कृष्ण भार्गव ने योग से जुड़े आसन पद्मासन, वज्रासन, सुखासन, शवासन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने योगाभ्यास कराते हुए योग से होने वाले फायदों को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी है। योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर स्वस्थ रहा जा सकता है। योगाभ्यास के जरिये कई बड़ी बीमारियों को ठीक अथवा कंट्रोल किया जा सकता है। योग न केवल शरीर की शक्ति और लचीलेपन को बढ़ाता है, बल्कि आत्मा को जागृत करने का भी अवसर देता है। योगासन न केवल आपको मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य प्रदान करेंगे, बल्कि आध्यात्मिक उन्नति की ओर भी अग्रसर करेंगे। योग प्रशिक्षक और आरएसएस के वरिष्ठ नेता रमेश सांई ने भी साधकों को योगाभ्यास के फायदे गिनवाए। नियमित रूप से योग करके इंसान खुद को घातक बीमारियों से बचा सकता है। उन्होंने बताया कि यह योग शिविर 29 जून तक चलेगा। सुबह को साढ़े पांच से सात बजे तक योग और शाम को छह बजे से लेकर सात बजे प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। शिविर के दूसरे चरण में शाम को मरीजों को प्राकृतिक और आयुर्वेद से जुड़ी चिकित्सा को लेकर परामर्श दिया गया। बताया गया कि कैसे आयुर्वेद और योग के साथ खुद को बीमारियों से बचाया जा सकता है। उद्यमी सत्यप्रकाश रेशु, आशीष यादव, भाजपा नेता विशाल गर्ग, शिक्षक नेता संजीव बालियान, मुकेश धींगरा, रवि वाधवा, भारतीय किसान यूनियन सर्व की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम शर्मा, नवनीत मिश्रा, निशि शर्मा, प्रवीण, रमेश एडवोकेट, दीपक किंगर, मुकेश वकील, नारंग, सरस, पूजा, माया देवी, दीपक, आकाश, निखिल आदि योगाभ्यास में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## शिवशक्ति धाम मंदिर रामपुरम में भव्य नौका विहार उत्सव का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बुस.)।** मुजफ्फरनगर रामपुरम स्थित शिवशक्ति धाम मंदिर में भव्य नौकाविहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामपुरमवासियों ने श्रद्धाभाव से भगवान श्री कृष्ण को नौका विहार कराया। कार्यक्रम की भव्यता देखते ही बनती थी। शिवशक्ति धाम के संरक्षक अशोक गोयल, अध्यक्ष अजय तायल, मंत्री दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में मुजफ्फरनगर में शानदार नौकाविहार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भगवान श्री कृष्ण के भव्य रूप को श्रद्धाभाव से नौकाविहार कराया गया। भक्ति रस की गंगा में मुख्य रूप से पं. महावीर प्रशाद, सचिन मित्तल, मोहित मित्तल, माणिक, अखिल, संदीप गुप्ता, दीपक शर्मा, राम कुमार शर्मा, विनोद सिंघल, साधना तायल, शिप्रा मित्तल, सत्यवती, सुषमा, पूजा, अनिता, नूतन, अनिता मित्तल, सपना जैन, नीना जैन, विभा जैन, दिव्या जैन का मुख्य सहयोग रहा।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 जून 2025, दिन शनिवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपेंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती में सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगों का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा सम्बधित रोग जैसे बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 जनू 2025, शनिवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

## चीन के साथ एक बड़ा समझौता किया, भारत के साथ इससे बड़ा समझौता होगा- डोनाल्ड ट्रम्प



**वाशिंगटन, 27 जून (वार्ता)** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि व्हाइट हाउस ने एक दिन पहले चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और आने वाले दिनों में भारत के साथ इससे भी बड़ा एक और समझौता हो सकता है। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ब्लूमबर्ग टीवी को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि उन्होंने और श्री ट्रम्प ने इस समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। श्री ट्रम्प ने गुरुवार देर रात कहा, ''हमने अभी-अभी चीन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।'' यह कदम मई के शुरु में जिनेवा में अमेरिका-चीन वार्ता के बाद उठाया गया है जिसके कारण दोनों पक्षों ने बड़े पैमाने पर टैरिफ बढ़ोतरी को स्थगित कर दिया था। इसकी वजह से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बहुत नुकसान पहुंच रहा था, और दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हो रहा था। श्री लुटनिक ने कहा ''राष्ट्रपति इन समझौतों को खुद ही पूरा करना पसंद करते हैं। वे समझौता करने वाले हैं। हम एक के बाद एक समझौता करने जा रहे हैं।

## रामपुर तिराहाकांड में नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** रामपुर तिराहाकांड से जुड़े दो मामलों सरकार बनाम ब्रजकिशोर व सरकार बनाम एसपी मिश्रा मामले में शुक्रवार को न्यायालय में सुनवाई नहीं हो सकी। अब न्यायालय ने सुनवाई के लिए 4 जुलाई नियत की है। आपको बता दें कि 1 अक्तूबर 1994 की रात्रि उत्तराखण्ड को पृथक राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। इतना ही नहीं पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर 7 मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि सरकार बनाम एसपी मिश्रा व ब्रजकिशोर मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही है। दोनों मामलों में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब न्यायालय ने सुनवाई के लिए 4 जुलाई की तिथि निर्धारित की है।

## नंगला मंदौड़ मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** नंगला मंदौड़ में हुई पंचायत के मामले में भड़काऊ भाषण देने व निजी परिवाद मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। दोनों मामलों में सुनवाई के लिए 18 जुलाई की तिथि नियत की गयी है। 31 अगस्त 2013 को सिखेड़ा थाना क्षेत्र के नंगला मंदौड़ के मैदान में पंचायत का आयोजन किया गया था। पंचायत में नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए थे। पुलिस की तरफ से भड़काऊ भाषण के मामले में पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान, पूर्व सांसद कुंवर भारतेंदु, पूर्व गन्ना मंत्री सुरेश राणा, पूर्व विधायक उमेश मलिक, साध्वी प्राची, श्यामपाल चेयरमैन, मिंटू, योगेश, सचिन, बिट्टु सिखेड़ा, शिव कुमार, वीरेन्द्र प्रमुख समेत 14 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में वीरेन्द्र प्रमुख की मौत हो चुकी है, जबकि आरोपी शिवकुमार की फाइल अलग कर दी गई थी। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को भड़काऊ भाषण व निजी परिवाद मामले में कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी।

## जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप, विरोध करने पर महिला से अभद्रता

**भोपा, 27 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी महिला ने गैर सम्प्रदाय के आधा दर्जन आरोपियों पर उसकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने, खेत में खड़े पेड़ तोड़ने और विरोध करने पर अभद्रता कर जातिसूचक शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी सावित्री ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि उसके गांव के ही गैर सम्प्रदाय के लगभग आधा दर्जन लोगों के खेत उसके खेत के चारों ओर है। पीड़िता का आरोप है कि उक्त आरोपी उसे परेशान कर उसके खेत पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं, जिसके चलते आरोपी बार-बार उसके खेत में खड़ी फसल का नुकसान करते हैं और खेत की मेड काट देते हैं। आरोपियों ने कुछ दिन पूर्व उसके खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ तोड़ दिए थे। शुक्रवार को पीड़िता ने आरोपियों की हरकतों का विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे अपमानित करते हुए जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारकर गाड़ देने व गांव छोड़कर चले जाने की धमकी दी। आरोपियों की हरकतों से परेशान होकर पीड़िता ने भोपा थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## चारा लेकर लौट रहे युवक पर हमले का आरोप

**भोपा, 27 जून (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी आदेश ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह उसका पुत्र सागर अपने पशुओं का चारा लेने के लिए जा रहा था। आरोप है कि जब वह गांव के ही एक व्यक्ति की ट्यूबवैल के पास पहुंचा, तो पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही पांच आरोपियों ने फावड़े और लाठी डंडों से उस पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए, जिन्हें देखकर आरोपी से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वही दूसरे पक्ष के कुलदीप ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह वह खेत में चारा काट रहा था, तभी दूसरे पक्ष के पिता पुत्र ने खेत पर आकर उसके ऊपर जानलेवा हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गया। दोनों पक्षों ने थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# उत्तम गौसेवा की ओर से नीशू गौसेवक को 3100 रुपये प्रतिमाह का योगदान

## गौवंशों की सच्ची सेवा करने पर बुलेटिन सम्पादक ने अपने जन्मदिन पर की घोषणा

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** नीशू गौसेवक पिछले कई वर्षों से गौवंशों की निस्वार्थ सेवा करता चला आ रहा है। ऐसे में बुलेटिन सम्पादक द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर कूकड़ा मंडी स्थित गौशाला में केक काटा गया तो गायों, श्वानों और हनुमान जी सेना बंदरों के साथ जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने नीशू से सवाल किया कि सारा दिन सड़कों पर गौवंशों के लिए धक्के खाते रहते हो ऐसे में घर की आजीविका कैसे चल पाएगी। इस पर नीशू गौ सेवक मौन हो गया तो बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा उत्तम गौसेवा में से 3100 रुपये प्रतिमाह तब तक देने की घोषणा की जब तक नीशू गौ सेवक गौमाता की सेवा इसी निस्वार्थ भाव से करता रहेगा। इसके बाद जन्मदिन का केक काटकर गौमाता को घास, हनुमान जी की सेना के लिए केले और श्वानों के लिए बिस्कुट मंगाकर खिलाए गए। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक द्वारा आमजन से अपील की गयी कि वास्तव में इन बेजुबानों की सेवा वास्तविक सेवा है, क्योंकि इंसान तो सेवाएं कराकर सिर्फ उल्हाने ही देता है मगर इन बेजुबानोंको दो वक्त की रोटी भी न मिले तो भी अपने स्वामी के प्रति वफादार रहते हैं।

इसी क्रम में पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल के सुपुत्र अभिषेक अग्रवाल के गुप्त योगदान बारे में भी चर्चा की गयी। बुलेटिन सम्पादक ने बताया कि लाखों रुपये प्रतिवर्ष की सेवा अभिषेक अपनी जेब से गौवंशों की करते हैं और कहीं भी इसकी चर्चा नहीं होने देते।



# डीएम, एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** शुक्रवार को जिला न्यायधीश, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा उपकरणों, बैरकों व रसोईघर का निरीक्षण कर बंदियों से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली, इसके साथ-साथ अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को जिला जज संतोष राय, डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में रसोई घर, पुरुष व महिला बैरकों का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उसके बाद पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने



कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव व मुलाकाती रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया। उसके बाद अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये।

# उत्तराखंड में पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटी

**नैनीताल, 27 जून (वार्ता)** उत्तराखंड उच्च न्यायालय से शुक्रवार को राज्य सरकार को बड़ी राहत देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर लगी रोक हटा दी है। साथ ही चुनाव आयोग को चुनावी प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में आज कुल 19 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत की ओर से लगी रोक को हटाने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ी। याचिकाकर्ताओं की ओर से आज सरकार की ओर से तय किये गये आरक्षण को गलत ठहराने के लिये कई दलीलें पेश की गयीं और कहा गया कि कई सीटों का आरक्षण गलत किया गया है। आरक्षण में पुनरावृत्ति की गयी है लेकिन वह अंततः अदालत को संतुष्ट नहीं कर पाये। वहीं सरकार की ओर से कहा गया कि आरक्षण तय करने में संविधान और कानूनी प्रावधानों का अनुपालन किया गया है। महाधिवक्ता की ओर से उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि चुनावी अधिसूचना जारी होने के बाद उच्च न्यायालय को चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आगे कहा




कि सुरेश महाजन बनाम मध्य प्रदेश सरकार मामले में भी शीर्ष अदालत ने कहा है कि चुनाव आयोग, सरकार और न ही उच्चतम न्यायालय को चुनाव रोकने का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने आरक्षण तय करने में संविधान की धारा 242 (डी) का अनुपालन किया है। उन्होंने कहा कि जो आरोप याचिकाकर्ताओं की ओर से लगाये गये हैं उन्हें चुनावी याचिका के माध्यम से चुनौती दी जानी चाहिए। सरकार का पक्ष सुनने के बाद खंडपीठ ने चुनावी प्रक्रिया पर लगी रोक को हटा दिया। साथ ही सरकार को तीन दिन में जवाब देने को कहा है। गौरतलब है कि राज्य चुनाव आयोग की ओर से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के लिये विगत 21 जून को अधिसूचना जारी की गयी थी। इसी के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ हरिद्वार जिले को छोड़ कर शेष 12 जिलों में चुनावी प्रक्रिया लागू हो गयी। इसके तहत 10 और 15 जुलाई को दो चरणों में मतदान और 19 जुलाई को मतगणना का कार्य होना था लेकिन इन याचिकाओं के आलोक में विगत 23 जून को न्यायालय ने पूरी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी।

## कुल्लू में बाढ़, बारिश और बबार्दी, बादल फटने से पांच लोगों की मौत

**शिमला, 27 जून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और बादल फटने से तबाही मची है। कुल्लू और कांगड़ा जिलों में बादल फटने से पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि 5 अन्य लापता हैं। मौसम विभाग ने रविवार 29 जून के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कई स्थानों पर अचानक बाढ़ और भूस्खलन की चेतावनी दी गई है। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि राज्य में तीन जगहों पर बादल फटे हैं और नौ स्थानों पर अचानक बाढ़ आई है। पुलिस ने अब तक 250 लोगों को बचाया है। मरने वालों में से चार की पहचान हो गई है। कांगड़ा के एसपी ने एएनआई को बताया कि बादल फटने की घटना के बाद एक व्यक्ति को जंगल से बचाया गया है। बचाए गए नागरिक ने बताया कि बाढ़ आने पर वह और उसके साथी जंगल में भाग गए थे। उसके आठ साथी पानी में बह गए। अचानक आई बाढ़ से मनाली में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सीएम सुक्खू ने पर्यटकों को नदियों और नालों के पास न जाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को मझान नाला में जीवा ट्रेंच वेयर के पास बादल फटा, जिससे नदी का जलस्तर बढ़ गया। कुल्लू में दो लोग लापता हैं और कांगड़ा में तीन लोगों की मौत हो गई है। लापता पांच लोगों की तलाश जारी है। अचानक आई बाढ़ से प्रभावित सभी लोग धर्मशाला में एक बिजली परियोजना में काम करने वाले मजदूर हैं। एनडीआरएफ कमांडेंट बलजिंदर सिंह ने केवल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें ही घटनास्थल पर पहुंच पा रही हैं। अभी तक एक शव बरामद किया गया है। आसपास के लगभग 15 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी है। 29 जून को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, इसमें बताया गया है कि कई जगहों पर अचानक बाढ़ और भूस्खलन हो सकता है।

## उत्तर प्रदेश में अब 4 घंटे में होगा पोस्टमार्टम : पाठक

**लखनऊ 27 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया को सरल बना दिया है और अब पोस्टमार्टम पूरा करने में केवल 4 घंटे लगेंगे। राज्य के उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मेडिकल कॉलेजों को अधिकतम चार घंटे में पोस्टमार्टम करने के निर्देश दिए हैं, ताकि दुख की इस घड़ी में परिजनों का दर्द कम हो सके। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर



स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आज यहां पोस्टमार्टम की नई गाइडलाइन जारी की। जिन जिलों में बड़ी संख्या में पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं, वहां सीएमओ समय सीमा के भीतर पोस्टमार्टम करने के लिए डॉक्टरों की समुचित व्यवस्था करेंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यास्त के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम किया जाए। शव के साथ संबंधित अभिलेख भी जल्द से जल्द पोस्टमार्टम हाउस भेजे जाएं। रात में पोस्टमार्टम की स्थिति में 1000 वाट लाइट की व्यवस्था की जाए। अन्य जरूरी संसाधन भी पर्याप्त होने चाहिए, ताकि पोस्टमार्टम की कार्रवाई 24 घंटे चलती रहे। उन्होंने सुझाव दिया कि हत्या, आत्महत्या, यौन अपराध, क्षत-विक्षत शव और संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से संबंधित मामलों में रात में पोस्टमार्टम न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा हालांकि, अपरिहार्य कारणों से जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधिकृत अधिकारी की अनुमति से रात में भी पोस्टमार्टम किया जा सकता है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि शादी के पहले 10 साल में मौत, पुलिस मुठभेड़, पुलिस हिरासत में मौत या किसी रहस्यमयी मौत के मामले में रात में पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी अनिवार्य की जाए।

## शाहजहांपुर में टैंकर की टक्कर से 03 लोगों की मौत, चार घायल

**शाहजहांपुर 27 जून (वार्ता)** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना कटरा क्षेत्र के गुरुवार रात राष्ट्रीय राज्य मार्ग 24 पर सड़क किनारे खड़े लोगों को टैंकर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों मौत हो गई जबकि चार लोग घायल हुए है। पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर थाना कटरा क्षेत्र में फील नगर के पास कार की साइड वहां से जा रहे बाइक सवार को लग गई।इसी बात को लेकर कार सवार लोग कार से निकल कर सड़क पर बाइक सवार से बात चीत कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रैकर ने सभी लोगों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग और कार सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कटरा में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने कार सवार बाराबंकी के रहने वाले दो लोगों योगेश कुमार कुरील (55), विवेक मिश्रा (35) तथा बाइक सवार रामपुर के रहने वाले मुबसर अली (40) को मृत घोषित कर दिया।

# जमानत पर रिहा हुए हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर, 27 जून (बु.)।** वर्ष 2015 में शामली जनपद के गांव चौसाना के दो मुस्लिम युवकों के साथ एक युवती के होने की सूचना पर हिन्दू संगठन के नेता मौके पर पहुंचे थे। मौके पर मारपीट होने पर पुलिस ने युवती को उसके घर भिजवा दिया था, जबकि हिन्दू संगठन के नेताओं के खिलाफ नई मंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इस मामले की सुनवाई एसीजेएम प्रथम देवेन्द्र फौजदार की कोर्ट में चल रही थी। हिन्दूवादी संगठन के नेताओं के न्यायालय में उपस्थित न होने पर कोर्ट ने सभी के गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर शुक्रवार को मामले में आरोपी शिवसेना वेस्ट उप प्रमुख ललित मोहन शर्मा, हिंदू संघर्ष समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पंवार, शिव सेना के जिला प्रमुख आनंद प्रकाश गोयल, शिवसेना नेता योगेन्द्र शर्मा व भुवन मिश्रा कोर्ट में पेश हुए। वरिष्ठ



अधिवक्ता भीष्म पुंडीर ने कोर्ट में सभी की तरह से गिरफ्तारी वारंट रिकॉल कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया था। कोर्ट ने सभी आरोपियों के वारंट रिकॉल कर जमानत पर रिहा कर दिया है। उक्त प्रकरण में न्यायालय में चार्ज भी फ्रेम कर दिया गया है। अब कोर्ट ने सुनवाई के लिए 15 सितम्बर की तिथि निर्धारित की है।

# गंगोह में नहीं हुई महापंचायत, पुलिस की लाठियों से तितर-बितर हुई भीड़, सपा नेता के घर जुटे समर्थक

**गंगोह, 27 जून (एजेंसी)।** भाजपा महिला नेत्री कोमल गुर्जर की तरफ से गंगोह विधायक के खिलाफ बुलाई गई महापंचायत पुलिस-प्रशासन ने नहीं होने दी। लाठियां फटकार भीड़ को दौड़ाया। इसके बाद भीड़ एक सपा नेता के आवास पर इकट्ठा हुई। विवाद सुलझाने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। महिला नेत्री ने मीडिया से बात करते हुए विधायक पर परिवार के उत्पीड़न समेत गंभीर आरोप लगाए, लेकिन सबूत मांगने पर कहा कि समय आने पर दिखाएंगी। वहीं, महिला नेत्री को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। भाजपा महानगर महिला मोर्चा की जिला मंत्री कोमल गुर्जर ने गंगोह के तीतरों रोड स्थित एक गार्डन में महापंचायत का आह्वान कर रखा था। टकराव के आसार को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने महापंचायत को अनुमति नहीं दी थी। शुक्रवार को दिन निकलते ही पुलिस ने गार्डन पर ताला जड़ दिया था और गंगोह कोतवाल से लेकर एसडीएम खुद मौके पर मौजूद रहे। कुछ लोग महापंचायत के लिए पहुंचे, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें खदेड़ दिया। समर्थकों की पुलिस से नोकझोंक भी हुई। कुछ देर के लिए सड़क पर भी जाम की स्थिति बन गई। इसके बाद भीड़ बाईपास मार्ग स्थित सपा नेता नक्षत्रपाल चौधरी के आवास पर इकट्ठा हुई। तभी कार सवार किसी अन्य महिला को कोमल गुर्जर समझकर पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया और महिला समेत किसी अन्य स्थान पर ले गई। सपा नेता के आवास पर मीडिया से बात करते हुए कोमल गुर्जर ने गंगोह विधायक पर परिवार के उत्पीड़न समेत कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि उनके खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए। मीडिया के सबूत मांगने पर कहा कि समय आने पर दिखाएंगी। पुलिस पर भी महापंचायत में आने वाले लोगों के साथ मारपीट करने के आरोप लगाए। मेरठ से आए मुखिया गुर्जर और देवबंद के मिरगपुर निवासी वीरेंद्र गुर्जर की अगुवाई में वहीं पर पंचायत करने की घोषणा की गई। निर्णय हुआ कि पांच सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी, जो दोनों पक्षों से बात कर निष्पक्ष फैसला लेगी। वहीं, पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। उधर, सपा नेता ने बताया कि इस विवाद से उनका कोई लेनादेना नहीं है। समाज के लोग उनके पास आए थे, इसलिए उन्होंने सहयोग किया।



कोई मुझको लौटा दे वो बचपन की यादें....

# पंजाब : बड़ी आतंकवादी साज़िश नाकाम, बीकेआई मॉड्यूल के तीन सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 27 जून (वार्ता)** पंजाब में मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देशों पर ब्रिटेन आधारित निशान सिंह द्वारा संचालित व पाकिस्तान की आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बी के आई) के तीन गुर्गों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकवादी साजिश को नाकाम कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सहजपाल सिंह, विक्रमजीत सिंह (दोनों निवासी रामदास, अमृतसर) और एक 17 वर्षीय नाबालिग के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से दो हैंड ग्रेनेड, एक आधुनिक 9एम एम ग्लॉक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि यह गिरोह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस संस्थानों पर हमले और टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस गिरफ्तारी से एक बड़ी आतंकवादी साजिश को समय रहते नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत मासूम जानें बचाई जा सकी हैं। उन्होने बताया कि मामले की गहराई से जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगी की संभावना है। इस बीच एसएसओसी मोहाली के सहायक महानिरीक्षक (एआईजी) रवजोत ग्रेवाल ने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी सहजपाल सिंह ने खुलासा किया कि वह अमृतसर के गांव पैरेवाल के रहने वाले लवप्रीत सिंह उर्फ लव (जो फिलहाल फिरोजपुर जेल में बंद है) के निर्देशों पर काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि सहजपाल के खुलासे के बाद पुलिस टीमों ने लवप्रीत सिंह को प्रोडक्शन वारंट पर एसएसओसी, मोहाली में लाकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि लवप्रीत ने सहजपाल को हथियार और विस्फोटक सामग्री हासिल करने के निर्देश दिए थे और सहजपाल ने इस कार्य में अपने साथी विक्रमजीत सिंह को भी शामिल किया था। एआईजी ने बताया कि बरामद हैंड ग्रेनेड का इस्तेमाल टारगेट किलिंग और विस्फोटक हमलों के लिए किया जाना था और विस्फोट करने की जगह और समय बाद में विदेश स्थित संचालकों द्वारा बताया जाना था। बरामद ग्लॉक पिस्तौल का इस्तेमाल विरोधी गिरोह के सदस्यों की टारगेट किलिंग में किया जाना था। उल्लेखनीय है कि लवप्रीत सिंह एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह गिरोह के सदस्यों को लामबंद करने और निर्देश देने में प्रमुख भूमिका निभा रहा था।

## पहले उड़ा दिया फोर्डो, अब ईरान को 30 अरब डॉलर देने की तैयारी में अमेरिका

**नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका के बीच पिछले दो हफ्तों में एक बड़ा तनाव देखा गया, लेकिन अब उनके बीच कूटनीति फिर शुरू होती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशास ने ईरान को बड़ा ऑफर दिया है। अमेरिका ने करीब 30 अरब डॉलर की मदद की पेशकश की है, जिसे वह सिविल न्यूक्लियर एनर्जी के लिए प्रोग्राम बना सके। बड़ा सवाल है कि जिस ईरान पर कुछ दिन पहले अमेरिका बम बरसा रहा था, अचानक उस पर इतना मेहरबान क्यों हो गया? दरअसल इस ऑफर में एक बड़ी शर्त है कि ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से बंद करना होगा। अमेरिका और ईरान के बीच पर्दे के पीछे बातचीत का सिलसिला अभी भी जारी है, जबकि इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुई सैन्य झड़पों के बाद एक अस्थायी युद्धविराम हो चुका है। ईरान को करीब 20-30 अरब डॉलर का निवेश मिल सकता है, जिससे वह केवल सिविल न्यूक्लियर इस्तेमाल के लिए न्यूक्लियर प्रोग्राम बना सके। ईरान को विदेशों में फंसे 6 अरब डॉलर तक की अपनी राशि इस्तेमाल करने की छूट दी जा सकती है। पिछले हफ्ते वाइट हाउस में हुई एक गुप्त मीटिंग में अमेरिका के स्पेशल एनवॉय स्टीव विटकॉफ और खाड़ी देशों के नेताओं ने मिलकर इस प्रस्ताव को अंतिम रूप देने की कोशिश की. खास बात ये है कि ईरान के फोर्डो न्यूक्लियर साइट को हटाकर उसकी जगह सिविल न्यूक्लियर प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना भी सामने आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे हैं कि ईरान से अगले सप्ताह बातचीत शुरू हो सकती है. वहीं ईरान ने इस संभावना से पूरी तरह इनकार किया है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने गुरुवार को साफ कर दिया कि अमेरिका से किसी भी नई परमाणु बातचीत को लेकर कोई सहमति नहीं बनी है। सरकारी टीवी चैनल पर दिए बयान में उन्होंने दो टूक कहा कि अब अमेरिका के लिए अगली बातचीत पहले से भी ज्यादा मुश्किल होने वाली है।

## शाह ने श्री जगन्नाथ मंदिर में की मंगला आरती

**अहमदाबाद, 27 जून (वार्ता)** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में अहमदाबाद के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में शुक्रवार को मंगला आरती की। श्री शाह ने अपने परिवार के साथ आज 148वीं रथ यात्रा के पावन अवसर पर यहां भगवान श्री जगन्नाथ की मंगला आरती, पूजा-अर्चना कर भक्तिभाव से दर्शन किए। हर साल आषाढ़ी बीज (दूज) के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ जी अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकलते हैं। अहमदाबाद शहर ही नहीं, बल्कि गुजरात और देश भर में लाखों भक्त भगवान जगन्नाथ के लिए गहरी आस्था का प्रतीक है, उनकी रथयात्रा के इस पावन अवसर पर आज अहमदाबाद श्री जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदासजी, अखिल भारतीय संत समिति के अध्यक्ष अविचलदासजी, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, स्थानीय विधायक, संत-महंत और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



# मीरापुर के रसूलपुर निवासी यूपी पुलिस का सिपाही नकली नोटों की तस्करी में गिरफ़्तार

## ▶▶ मवाना पुलिस व स्वॉट टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर सिपाही समेत चार को गिरफ्तार किया ▶▶ बड़ी संख्या में नकली व असली करेंसी बरामद

**मीरापुर, 27 जून (बु.)।** मेरठ पुलिस की स्वाट टीम व मवाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए नकली नोटों की तस्करी में लिप्त बड़े गिरोह का खुलासा करते हुए चार नकली नोटों के तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नकली नोटों की तस्करी में लिप्त गाजियाबाद पुलिस के एक सिपाही को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तार सिपाही मीरापुर के रसूलपुर का निवासी है। पकड़े गए आरोपियों से बड़ी संख्या में नकली नोट व असली नोट व एक कार बरामद हुई है।

पिछले कुछ माह से मेरठ के मवाना क्षेत्र में नकली नोटों की तस्करी करने वाला गिरोह सक्रिय था। गिरोह के सदस्य लोगों को असली नोटों के बदले असली दिखने वाले दोगुने नकली नोट देते थे। इस मामले में पुलिस की वर्दी पहने दो युवक भी लिप्त रहते थे। गुरूवार को मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के मौहल्ला ततारपुर जामा मस्जिद निवासी मौ. आलम पुत्र जाबिर ने मवाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि कुछ वर्ष पूर्व वह अपने मौहल्ले के ही रहने वाले अपने मित्र नदीम नैय्यर उर्फ नदीम उल हक पुत्र जमीर उल हक के साथ महाराष्ट्र व तेलंगाना में कपड़े व कॉस्मैटिक की फेरी का काम करता था, यहाँ उनकी मुलाकात मेरठ के सरधना थाना क्षेत्र के गांव नाहली निवासी अतीकुर्रहमान पुत्र इरशाद से हुई। जहाँ अतीकुर्रहमान ने उन्हें शामली के थानाभवन क्षेत्र के गांव भैसानी निवासी जावेद तथा मेरठ के भावनपुर क्षेत्र के गांव औरंगाबाद निवासी मोहसीन के द्वारा किये जा रहे नकली नोटों के धंधे के बारे में बताकर लालच में फंसा लिया तथा कुछ दिन पूर्व मवाना क्षेत्र के एक धर्मकांटे के समीप जंगल में एक नलकूप पर दस लाख रुपये के बदले बीस लाख रुपये देने की बात कहकर बुला लिया तथा यहाँ जब रुपयों का लेनदेन हुआ, तभी एक लाल रंग की विटारा कार में सवार होकर वर्दीधारी दो पुलिस वाले वहाँ आ गए तथा अतीकुर्रहमान, जावेद व मोहसीन को पकड़कर तथा नकली व असली रकम अपने साथ ले गए, जिसके बाद उन्हें कार सवार वर्दीधारियों की इन तीनों के साथ मिलीभगत का अहसास हुआ। उक्त मामले की जानकारी लगते ही एसएसपी विपिन ताड़ा ने मेरठ पुलिस की स्वॉट टीम व मवाना पुलिस को गिरोह को गिरफ़्तार करने पर लगा दिया था। मवाना इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि देर रात्रि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मवाना खुर्द से भैंसी बाईपास पर एक विटारा ब्रेजा कार व एक बाइक व एक स्विफ्ट कार में सवार चार तस्करों को गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में इमरान पुत्र इश्तखार निवासी



गांव रसूलपुर गढ़ी, थाना मीरापुर व वसीम पुत्र खुर्शीद निवासी मौहल्ला हीरालाल मवाना, सलीम पुत्र मुनसफ तथा हासिम पुत्र युसुफ निवासीगण गांव मेदपुर थाना भावनपुर जनपद मेरठ शामिल है। इंस्पेक्टर अखिलेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ़्तार इमरान यूपी पुलिस में सिपाही है तथा वर्तमान में गाजियाबाद के भोजपुर थाने में तैनात है। पुलिस को इमरान के कब्जे से 18 गड्डी पांच-पांच सौ रुपये की वास्तविक रुपये 18,000 तथा 200-200 की 19 गड्डी वास्तविक नोट 7600 रुपये तथा एक पिस्टलनुमा लाइटर तथा उसमें लगे होलस्टर में 9 एमएम के 5 जिंदा कारतूस व एक विटारा ब्रेजा कार बरामद हुई, जबकि अन्य अभियुक्तों से एक बाइक व एक स्विफ्ट कार व एक 315 बोर का अवैध तमंचा उसमें फंसा एक जिंदा कारतूस व 5 मोबाइल बरामद हुए, जबकि तीन तस्कर अतीकुर्रहमान, जावेद व मोहसीन फरार हो गए। पुलिस के अनुसार तस्कर ऊपर व नीचे असली नोट लगाते हैं और बीच में सफेद कागज लगाकर रखते हैं। पुलिस ने सिपाही समेत सभी आरोपियों का चालान कर दिया।

### ▶▶ सिपाही अपने रिश्तेदार को भी वर्दी पहनाकर पुलिस बनाकर ले जाता था

**मीरापुर।** नकली नोट तस्करी मामले में सिपाही इमरान व अन्य तस्कर एक योजना के अनुरूप काम करते थे। पहले नकली नोट की खेप सौंपने के लिए तीन तस्कर पार्टी को जंगल बुलाते थे तथा उनसे असली नोट लेकर उन्हें नकली नोट से भरा बैग देते थे। कम से कम पांच लाख के नोट के बदले दस लाख के नोट दिए जाते थे। जैसे ही असली रुपयों से भरा बैग तस्करों के हाथ आ जाता था, तभी सिपाही इमरान व उसका रिश्तेदार वसीम पुलिस की वर्दी में पुलिस लिखी लाल ब्रेजा कार में वहाँ पहुँच जाते थे, जिन्हें देखकर उनके तस्कर साथी भागने का नाटक करते और फिर इमरान उन्हें असली नोटों के बैग के साथ पकड़कर गिरफ्तार करने का नाटक कर अपने साथ ले जाते थे।

### ▶▶ मैडिकल में अनफिट फिर भी पुलिस में भर्ती

**मीरापुर।** गिरफ़्तार सिपाही इमरान के एक हाथ में 6 अंगुली हैं। उसे गांव में छंगा भी कहते हैं। उसके बाएं हाथ में दो अंगूठे हैं जो कि पुलिस भर्ती के लिए मैडिकल में अनफिट है, किन्तु इसके बावजूद भी वर्ष 2006 में वह गलत तरीके से पुलिस में भर्ती हो गया।

### ▶▶ सिपाही ने कर रखी हैं दो शादियां

**मीरापुर।** सिपाही इमरान शुरू से ही चर्चित है। गांव में भी उसका व्यवहार ठीक नहीं बताया गया है। ग्रामीणों के अनुसार इमरान ने कुछ ही दिनों में बहुत तरक्की की है तथा उसने दो शादियां कर रखी हैं। एक पत्नी गांव में ही रहती है, जबकि उसकी दूसरी पत्नी उसके साथ रहती है।

### ▶▶ दरोगा बताकर करता है रौब गालिब

**मीरापुर।** इमरान के गांव रसूलपुर के ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इमरान के पकड़े जाने के बाद ही उन्हें जानकारी लगी कि वह अभी भी सिपाही है अन्यथा वह ग्रामीणों से खुद को दरोगा बताता है तथा लोगों पर रौब भी गालिब करता है।